**विश्व आर्थिक मंच** सोलर व रक्षा विनिर्माण में एमओयू, हजारों रोजगार की उम्मीद

# यूपी ने 12100 करोड़ के तीन और निवेश करार किए

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रक्षा विनिर्माण क्षेत्रों में कुल 12100 करोड़ के तीन अहम निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

इन करारों से प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी, अत्याधुनिक विनिर्माण इकाइयां स्थापित होंगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया।

## सोलर एनर्जी में 10500 करोड़ का निवेश

स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में सबसे बड़ा समझौता इनॉक्स जीएफएल समूह के साथ हुआ। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में 2 गीगावॉट सौर ऊर्जा परियोजना और 3 गीगावॉट सोलर मॉड्यूल निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 10500 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे प्रदेश की हरित ऊर्जा क्षमता को मजबूती मिलेगी और करीब 800 से 1000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

■ **ईवी सेक्टर में 1100 करोड़ का करार :** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए टीडब्ल्यूआई समूह के साथ 1,100 करोड़ रुपये का एमओयू किया गया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश में देश की पहली हाइब्रिड ईवी मोटरसाइकिल निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी। इससे तकनीकी हस्तांतरण, स्थानीय सप्लाई चेन और हरित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा।

■ **रक्षा विनिर्माण में 500 करोड़ का निवेश :** स्वीडन की कंपनी प्रोमोटेक ने लखनऊ में 500 करोड़ रुपये की लागत से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने और ड्रोन (यूएवी) निर्माण में निवेश की इच्छा जताई है। इससे यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मजबूती मिलेगी।